# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 01/06/2023, Page No.- 3**



### घाट गांव में लगा डेंटल चेकअप शिविर

मेरठ। सुभारती डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल द्वारा आईडीए मेरठ कैन्ट स्टूडेंट विंग एवं स्टर माईंड दी स्टूडेन्ट क्लब द्वारा विवि की पर्यावरण कमेटी के साथ मिलकर विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर ग्राम घाट में डेंटल चेकअप शिविर लगाया गया। प्राचार्य डॉ. निखिल श्रीवास्तव ने तंबाकू से होने वाले रोगों की जानकारी दी। डॉ. संचित प्रधान, डॉ. मयंक दास, डॉ. मोहनीश मुछाल, डॉ. सुपर्णा मौजूद रहे।



### सुभारती में कंप्यूटर का सार्थक उपयोग सिखाया

मेरठ। सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग में जी-20 के तहत शिक्षा क्षेत्र में कंप्यूटर के उपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। डॉ. शशिराज तेवतिया ने वसुधैव कुटुंबकम को कंप्यूटर के उपयोग से सार्थक करने की प्रक्रिया बताई। डॉ. मनोज कुमार, सिमरन, नेहा तोमर, डॉ. मनोज कुमार, हिमांशु, अंकित कुमार, लकी गौतम मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

### Date- 01/06/2023, Page No.- City Page 5

AU 01-06-23 05

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से कंप्यूटर के उपयोग को समझाया

मेरठ। केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग में जी-20 के अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में कंप्यूटर के उपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रथम चरण में कंप्यूटर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शशिराज तेवतिया ने बताया कि जी-20 के अंतर्गत जिनेवा में होने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य यही है कि कैसे हम डिजिटल कौशल को बेहतर बनाकर रोजगार के अवसर बढ़ा सकते हैं। दूसरे चरण में सहायक प्रो. हिमांशु ने कंप्यूटर के उपयोग को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उदाहरण से समझाया। अंतिम चरण में छात्र-छात्राओं ने मौखिक प्रस्तुति से कंप्यूटर उपयोग को समझाया। एसोसिएट प्रो. डॉ. मनोज कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित दिया। डॉ. मनोज कुमार, हिमांशु, अंकित कुमार मौजूद रहे। ब्यूरो

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 02/06/2023, Page No.- City Page 6**

# नाटक कर बताए तंबाकू के दुष्परिणाम



सुभारती डेंटल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षक। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

02/06/23 (06) AU

मेरठ। सुभारती डेंटल कॉलेज में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने सभी को तंबाकू छोड़ने व अन्य लोगों को छुड़वाने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा।

छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक कर जागरूकता का संदेश दिया। तंबाकू छोड़ने के उपायों व इसके दुष्प्रभावों को रोचक खेलों के माध्यम से बताया। सुभारती वेलनेस सेंटर के अध्यक्ष डॉ. राहुल बंसल ने सभी को तंबाकू से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया। इसके अलावा फेस पेंटिंग, टेबल टॉप और वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ।

आईडीए मेरठ कैंट की अध्यक्ष डॉ. अनामिका शर्मा, सचिव डॉ. विशाल शर्मा, प्रो. डॉ. मनोज कपिल मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डेंटल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. निखिल श्रीवास्तव ने की।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 02/06/2023, Page No.- 6**

H 2 June 23 06



### छात्र-छात्राओं को दी विदाई

मेरठ। सुभारती विधि संस्थान में गुरुवार को विधि के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। जूनियर ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सीनियर को विदा किया। कुलपति डॉ.जीके थपलियाल, निदेशक राजेश चन्द्रा, डीन डॉ.वैभव गोयल भारतीय, डॉ.डीपी सेमवाल एवं डॉ.रीना बिश्नोई ने शुभारंभ किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्याराज ने कहा कि छात्र जीवन पूरे जीवन का आधार तय करता है। अंजुरी, शिखा, जरीना, विधि एवं शगुन रहे।

### हमें भोजन चाहिए, तम्बाकू नहीं



मेरठ। सुभारती डेन्टल कॉलेज में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर 'हमें भोजन चाहिए, तम्बाकू नहीं' विषय पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल डॉ.निखिल श्रीवास्तव एवं कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल ने शुभारंभ किया। कुलपति ने मरीजों को तम्बाकू छोड़ने को प्रेरित किया। डॉ. राहुल बंसल ने मरीजों को तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों को समझाया। डॉ.अनामिका शर्मा, डॉ.विशाल शर्मा, डॉ.मनोज कपिल मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

### Date- 06 JUN 2023, Page No.- 6

H 06/06/23 06



सुभारती विवि कैंपस स्थित गरुड़ उद्यान में कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा, पर्यावरण समिति अध्यक्ष डॉ.मुकेश रूहेला ने चिड़ियों को पिंजरे से आजाद कर प्रकृति संरक्षित करने का संदेश दिया।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 06 JUN 2023, Page No.- 6**

# पर्यावरण को करें संरक्षित : डॉ. शल्या

## सुभारती विवि में गरुड़ उद्यान में विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ कार्यक्रम

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि परिसर स्थित गरुड़ उद्यान में विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम हुआ। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकर गौड़ा, पर्यावरण समिति अध्यक्ष डॉ. मुकेश रुहेला आदि ने पक्षियों को पिंजरे से आजाद कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया।

द्वितीय सत्र सुभारती लॉ कॉलेज में हुआ। जिसमें पर्यावरण को संरक्षित करने की शपथ दिलाई गई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने कहा कि जिस प्रकार हम अपने परिवार का ध्यान रखते हैं, इसी प्रकार हमें प्रकृति का भी ध्यान रखने की आवश्यकता है। हमारा जीवन प्रकृति पर निर्भर है, इसलिए पर्यावरण का संरक्षण करना चाहिए। खुले में कूड़ा व प्लास्टिक नहीं डालना चाहिए। पर्यावरण कमेटी के सचिव डॉ. संचित प्रधान, कुलसचिव डीके सक्सेना, डॉ. निखिल श्रीवास्तव, डॉ. सरताज अहमद, डॉ. पिंटू मिश्रा, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. मनोज कपिल, डॉ. शोकेंद्र कुमार, डॉ. आरके घई आदि मौजूद रहे।




सुभारती विवि में पर्यावरण दिवस पर पिंजरे से पंछी को आजाद करते हुए। संवाद

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 07 JUN 2023, Page No.- 6**



07/06/23 H 6

### नौचंदी मेले में करियर काउंसिलिंग शिविर शुरू

मेरठ। सुभारती समूह द्वारा नौचंदी मेले में स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि, छत्रपति शिवाजी सुभारती अस्पताल और लोकप्रिय अस्पताल की ओर से निशुल्क चिकित्सा व करियर काउंसिलिंग शिविर लगा। शुभारंभ मुख्य अतिथि एडीएम दिवाकर सिंह, अपर नगर आयुक्त डॉ. अमरेश कुमार, प्रतिकुलपति डॉ अभय शंकरगौड़ा, सुभारती विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. एसडी खान सुभारती स्वास्थ्य एवं शिक्षा निदेशक डॉ. आरबीएस पुष्कर ने किया।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

### Date- 07 JUN 2023, Page No.- City Page 6



नौचंदी मेले में सुभारती के चिकित्सा एवं कॅरिअर काउंसिलिंग शिविर का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि एडीएम दिवाकर सिंह और अपर नगर आयुक्त डॉ. अमरेश कुमार। संवाद

## सुभारती ने नौचंदी मेले में लगाया चिकित्सा शिविर

07/06/23 AU 06 City Page

मेरठ। सुभारती समूह ने इस वर्ष भी नौचंदी मेला में स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि, छत्रपति शिवाजी सुभारती अस्पताल एवं लोकप्रिय अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में चिकित्सा एवं कॅरिअर काउंसलिंग शिविर आयोजित किया।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडीएम दिवाकर सिंह, अपर नगर आयुक्त डॉ. अमरेश कुमार, प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा, विवि के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. एसडी खान, सुभारती स्वास्थ्य एवं शिक्षा निदेशक डॉ. आरबीएस पुष्कर, डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. निखिल श्रीवास्तव, मेला निरीक्षक डॉ. आरपी सिंह, डॉ. विवेक कुमार ने किया।

कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, लोकप्रिय अस्पताल के निदेशक डॉ. रोहित रविन्द्र एवं सुभारती अस्पताल के चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ. कृष्णा मूर्ति ने शिविर की सफलता पर शुभकामनाएं दीं। ब्यूरो

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 08 JUN 2023, Page No.- 4**



### डॉ. मुक्ति के परिनिर्वाण दिवस पर सर्वधर्म वंदना

मेरठ। संघमाता डॉ. मुक्ति ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउण्डेशन एवं सुभारती समूह के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को सुभारती विवि की संस्थापिका संघमाता डॉ. मुक्ति भटनागर के परिनिर्वाण दिवस पर सर्वधर्म वंदना हुई। चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी एवं श्रमिकों के लिए हुए सहयोग वितरण कार्यक्रम में राशन किट एवं वस्त्र वितरित किए गए। इस मौके पर सुभारती समूह के मुखिया डॉ.अतुल कृष्ण, कुलाधिपति स्तुति नारायण कक्कड़, सीईओ डॉ.शल्या राज आदि रहे।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

### Date- 08 JUN 2023, Page No.- City page 2

## संघमाता डॉ. मुक्ति के परिनिर्वाण दिवस पर हुई सर्वधर्म वंदना

08/06/23 AU 02

### सुभारती विवि की संस्थापिका के परिनिर्वाण दिवस पर चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को राशन किट वितरित

मेरठ। संघमाता डॉ. मुक्ति ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउंडेशन एवं सुभारती समूह के संयुक्त तत्वावधान में सुभारती विवि की संस्थापिका संघमाता डॉ. मुक्ति भटनागर के परिनिर्वाण दिवस पर सर्वधर्म वंदना हुई। साथ ही चतुर्थ श्रेणी कर्मियों व श्रमिकों को राशन किट एवं वस्त्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ बोधि मंदिर में बौद्ध विद्वान भंते डॉ. चंद्रकीर्ति, भंते कुसल सुमन, भंते विमल बोधी ने बुद्ध वंदना प्रस्तुत कर किया। सुभारती समूह के मुखिया डॉ. अतुल कृष्ण के नेतृत्व में सुभारती विवि की कुलाधिपति स्तुति नारायण कक्कड़, सीईओ डॉ. शल्या राज, लोकप्रिय अस्पताल के निदेशक डॉ. रोहित रविंद्र, सुभारती अस्पताल के चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ. कृष्णा मूर्ति, अवनी कमल ने संघमाता डॉ. मुक्ति भटनागर के स्तूप पर पुष्पांजलि अर्पित की। सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में ललित कला संकाय के शिक्षकों ने भजन गायन किया। सर्वधर्म वंदना कार्यक्रम में बौद्ध महायाना वियतनाम से वेनेरेबल ली क्वांग, नीदरलैंड से वेनेरेबल सिस्टर डोंग थांग, थेरावादा म्यांमार से वेनेरेबल पन्नासामी, वेनेरेबल ओभासा, हिंदू सनातन धर्म से आचार्य उमेश भारद्वाज, हिंदू आर्य समाज से आचार्य रणधीर विद्या भास्कर, इस्लाम धर्म से मुफ्ती शाह आलम मजाहिरी, सिख धर्म से सरदार शरद सिंह, इसाई धर्म से पास्चर जोएल जॉन, जैन धर्म से संदीप सजल शास्त्री ने संघमाता डॉ. मुक्ति भटनागर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान कुलपति डॉ. जीके थपलियाल, प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा, डॉ. हिरो हितो, डॉ. एसडी खान, सुभारती मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप भारती गुप्ता, डॉ. निखिल श्रीवास्तव, डॉ. पिंटू मिश्रा, डॉ. भावना ग्रोवर आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

### Date- 09 JUN 2023, Page No.- 6

## कौशल प्रयोगशाला गतिविधि संपन्न

9/06/23 H (6)

मेरठ। सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस में स्पेक्ट्रोफोटोमीटर पर कौशल प्रयोगशाला गतिविधि गुरुवार को संपन्न हो गई। डीन प्रो.रेनू मावी के निर्देशन में हुई इस गतिविधि का उद्देश्य स्पेक्ट्रोफोटोमीटर का जीव विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग एवं उसकी क्रियाविधि से अवगत कराना था। समन्वयक डॉ.देवेन्द्र कुमार, डॉ.अशोक कुमार, डॉ.धीरपाल सिंह एवं डॉ.आदेश कुमार ने छात्रों को स्पेक्ट्रोफोटोमीटर की क्रियाविधि को समझाया।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

### Date- 14 JUN 2023, Page No.- City Page 5

## व्याख्यान में पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका बताई

14/06/23 AU (5)



सुभारती विवि में प्रोफेसर सीमांत कुमार स्वागत किया। संवाद

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग में 'पर्यावरण की रक्षा में युवाओं की भूमिका' विषय पर अतिथि व्याख्यान हुआ। विशेषज्ञ डीपीबीएस पीजी कॉलेज अनूपशहर के प्रो. सीमांत कुमार रहे। प्रो. संदीप कुमार डीन शिक्षा संकाय ने विशेषज्ञ का पौधा भेंटकर स्वागत किया। समन्वयक एसो. प्रोफेसर प्रवीण कुमार ने संक्षिप्त परिचय दिया। विशेषज्ञ ने संगोष्ठी हॉल शिक्षा संकाय एसवीएसयू में व्याख्यान के दौरान पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका के बारे में बताया गया। इसमें 50 छात्रों और कर्मियों ने भाग लिया। वक्ता ने छात्रों को पर्यावरण बचाने और हरा-भरा रखने में उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में बताया। शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षक डॉ. दीपक राघव, डॉ. मंजू अधिकारी, अरुण वास्तव, सोनिया राणा आदि उपस्थित रहे। ब्यूरो

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

### Date- 15 JUN 2023, Page No.- 6

## सुभारती के चिकित्सा शिविर में पहुंच रहे लोग

15/06/23 6 (H)

मेरठ। नौचंदी मेले में सुभारती द्वारा जारी नि:शुल्क चिकित्सा एवं कॅरियर काउंसिलिंग शिविर में आगंतुक पहुंच रहे हैं। मुख्य मेला प्रभारी डॉ.विवेक कुमार के अनुसार सुभारती अस्पताल, सुभारती डेंटल कॉलेज एवं लोकप्रिय अस्पताल के डॉक्टर लोगों की मदद कर रहे हैं। डॉ.आरपी सिंह, डॉ.सरताज अहमद, डॉ.संचित प्रधान, डॉ.अभिषेक, कुलदीप, अजय गुप्ता, तरुण, बालिस्टर मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

### Date- 15 JUN 2023, Page No.- City Page 6

## सुभारती के चिकित्सा शिविर का लाभ ले रहे लोग

AU (6) 15/06/2023



नौचंदी मेले में सुभारती के चिकित्सा शिविर का लाभ लेते लोग। संवाद

मेरठ। सुभारती समूह के नौचंदी मेले में चल रहे निःशुल्क चिकित्सा एवं कॅरिअर काउंसिलिंग शिविर से मेले में आने वाले आगंतुक लाभांवित हो रहे हैं। मेला प्रभारी डॉ. विवेक कुमार ने बताया कि सुभारती अस्पताल, सुभारती डेंटल कॉलेज एवं लोकप्रिय अस्पताल के डॉक्टर शिविर में निष्ठा भाव से सेवा दे रहे हैं। अत्याधुनिक दंत चिकित्सा वाहन के माध्यम से सैकड़ों लोग रोजाना दंत चिकित्सा का लाभ ले रहे हैं। मरीजों को स्वास्थ्य सलाह के साथ दवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस दौरान मेला निरीक्षक डॉ. आरपी सिंह, डॉ. सरताज अहमद, डॉ. संचित प्रधान, डॉ. अभिषेक, कुलदीप नारायण, अजय गुप्ता, तरुण, बालिस्टर, नरेश आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

### Date- 16 JUN 2023, Page No.- 2



16 Jun 23 H 02



## सुभारती विवि में पुस्तक का विमोचन

मेरठ। सुभारती विवि के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा एशियन स्टडीज स्कूल ऑफ इंटरनेशनल की अध्यक्ष व जेएनयू प्रो.संगीता थपलियाल की भारत चीन व सामरिक हिमालय पुस्तक का विमोचन हुआ। इंडिया फाउंडेशन के निदेशक शौर्य डोभाल, सुभारती विवि के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज, प्रतिकुलपति डॉ.अभय शंकरगौड़ा, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. नीतू पंवार व प्रो.संगीता थपलियाल ने शुभारंभ किया।

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

## Date- 16 JUN 2023, Page No.- City Page 4

# 'भारत-चीन एवं सामरिक हिमालय' पुस्तक का विमोचन

16 Jun AU 04

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि में एशियन स्टडीज स्कूल ऑफ इंटरनेशनल की अध्यक्ष एवं जवाहर लाल नेहरू विवि की प्रो. संगीता थपलियाल की पुस्तक 'भारत-चीन एवं सामरिक हिमालय' का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शौर्य डोभाल, प्रो. संगीता थपलियाल, कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने किया।

प्रो. संगीता ने बताया कि पुस्तक में हिमालय एवं चीन की सीमा से सटे भारतीय क्षेत्र की परिस्थिति के बारे में बताया गया है। मुख्य अतिथि शौर्य डोभाल ने कहा लवान घाटी, डोकलाम सहित हिमालय से लगने वाले समस्त क्षेत्र भारत का अटूट हिस्सा हैं। कुलपति ने कहा भारत की संस्कृति विश्व की महान संस्कृतियों में से एक है।

### शिक्षा, सेवा, संस्कार के मंत्र से मार्गदर्शन कर रहा है सुभारती विवि : डॉ. शल्या

डॉ. शल्या राज ने कहा सुभारती विवि शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता के मंत्र से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहा है। विवि में शहीद उपवन भी है। इसमें भारत माता की रक्षा में प्राणों की आहुति देने वाले वीरों के नाम उकेरे गए हैं। उनके नाम पर पेड़ लगाएं हैं। इस दौरान प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकर गौड़ा, निदेशक नरेश थपलियाल, प्राचार्य डॉ. पिंटू मिश्रा, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. नीतू पवार मौजूद रहीं।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 17 JUN 2023, Page No.- 8**




### इसरो स्टार्ट प्रोग्राम का नोडल सेंटर बना सुभारती

मेरठ। सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलोजी एंड इंजीनियरिंग इसरो के स्टार्ट प्रोग्राम का आधिकारिक नोडल सेंटर बना है। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज ने नोडल सेंटर बनने पर शुभकामनाएं दी। प्राचार्य डॉ.मनोज कपिल के अनुसार कॉलेज के छात्र नोडल सेंटर होने पर निशुल्क ट्रेनिंग तथा सर्टिफिकेशन प्राप्त कर सकेंगे।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

### Date- 17 JUN 2023, Page No.- City Page 6

## सुभारती में प्राकृतिक चिकित्सा व योग शिविर में किया उपचार

17 Jun 23 AV 06




सुभारती में प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग शिविर में शामिल अतिथि। संवाद

**मेरठ।** महर्षि अरबिंदो सुभारती कॉलेज एंड हॉस्पिटल ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज ने निशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग शिविर का आयोजन किया।

इसका शुभारंभ स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के पूर्व कुलाधिपति डॉ.जीसी श्रीवास्तव, सुभारती अस्पताल के चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ. कृष्णा मूर्ति, नेचुरोपैथी एंड योगिक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अभय शंकरगौड़ा ने दीप जलाकर किया। प्राचार्य डॉ. अभय शंकरगौड़ा ने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा से जटिल रोगों का उपचार किया जा सकता है। मोटापा, उच्च रक्तचाप, अनिद्रा, मधुमेह, हाइपोथायरायडिज्म, यकृत, किडनी, पीठ दर्द, गर्दन दर्द, साइटिका जैसी बीमारियों के पीड़ितों ने शिविर भाग लिया। ब्यूरो

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 19 JUN 2023, Page No.- City Page 46**

19 Jun 23 H 06

### करियर काउंसिलिंग शिविर का समापन

मेरठ। सुभारती समूह द्वारा नौचंदी मेले में स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय, छत्रपति शिवाजी सुभारती अस्पताल एवं लोकप्रिय अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे निशुल्क चिकित्सा एवं करियर काउंसिलिंग शिविर का रविवार को समापन किया गया। मुख्य अतिथि तहसीलदार आर प्रसाद, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रख्यात कवि डॉ. ईश्वर चंद गंभीर, मेला प्रभारी डॉ. विवेक कुमार, डॉ. आरपी सिंह, डॉ.सरताज अहमद एवं डॉ. संचित प्रधान रहे। विवि की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज, डॉ. सरताज अहमद, डॉ. संचित प्रधान, विनीत नारायण, कुलदीप नारायण, लोक सिंह, सतेंद्र रहे।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

### Date- 19 JUN 2023, Page No.- City Page 4

19 Jun 23 AU 04

## नौचंदी मेले में चिकित्सा शिविर का हुआ समापन



नौचंदी मेले में सुभारती विश्वविद्यालय के चिकित्सा शिविर में स्टाफ। संवाद

**मेरठ।** सुभारती विश्वविद्यालय, छत्रपति शिवाजी सुभारती अस्पताल और लोकप्रिय अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में नौचंदी मेले में चल रहे निशुल्क चिकित्सा एवं कॅरिअर काउंसिलिंग शिविर का समापन किया। मुख्य अतिथि तहसीलदार आर प्रसाद, कवि डॉ. ईश्वर चंद गंभीर, मेला प्रभारी डॉ. विवेक कुमार, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. सरताज अहमद एवं डॉ. संचित प्रधान रहे। सभी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, योग विशेषज्ञ, फिजियोथैरेपिस्ट एवं एडमिशन विशेषज्ञों का प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने बताया कि सुभारती समूह प्रत्येक वर्ष नौचंदी मेले में चिकित्सीय एवं कॅरिअर काउंसलिंग शिविर लगाता है। शिविर में चिकित्सकों ने मेले में आए मरीजों का उपचार कराया। साथ ही छात्र-छात्राओं को सही मार्ग दर्शन के लिए कॅरिअर काउंसलिंग भी की गई। इस दौरान विनीत नारायण, कुलदीप नारायण, लोक सिंह, सतेंद्र कुमार, अभिषेक मालिक आदि मौजूद रहे। संवाद

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 22 JUN 2023, Page No.- 4**




सुभारती विवि में योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

### Date- 22 JUN 2023, Page No.- City Page 6

## सुभारती विवि में मनाया योग दिवस

22/06/23 AU (6)



सुभारती विश्वविद्यालय में योग करते छात्र-छात्राएं। संवाद

मेरठ।स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि में महर्षि अरबिन्दो सुभारती कॉवेज एंड हॉस्पिटल ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज ने विवि के आईक्यूएसी, एनसीसी, एनएसएस व शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में योग दिवस मनाया गया। सुभारती विवि के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने कहा योग से शारीरिक व मानसिक एकाग्रता प्राप्त होती है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने कहा योग से मानसिक एकाग्रता आती है। प्राचार्य डॉ. अभय शंकरगौड़ा ने कहा योग से तनाव अनिंद्रा, हृदय आदि बीमारियों को रोकथाम स्वस्थ जीवन जीते हैं।

दीवान इंजीनियरिंग कॉलेज में योग शिविर का शुभारंभ इंजीनियरिंग विभाग की निदेशक डॉ. शिल्पी बंसल ने किया। योग से जुड़े विभिन्न विषयों से संबंधित प्रतियोगिताओं हुई जिसमें चारु व दीपांशु को पुरस्कृत किया गया। आशीष कौशिक, अभिषेक गुलाटी मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

### Date- 23 JUN 2023, Page No.- City Page 6

# योग से मिलती है मानसिक एकाग्रता

23/Jun/23 AU 06

मेरठ। सुभारती मेडिकल कॉलेज के कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग में शहीद भगत सिंह नगरीय स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण केंद्र मुल्तान नगर में विश्व योग दिवस आयोजित किया गया।

कम्यूनिटी मेडिसन के प्रो. राहुल बंसल ने कहा कि योग से शारीरिक व मानसिक एकाग्रता प्राप्त होती है। स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण केंद्र प्रभारी डॉ. वर्षा चौधरी ने कहा कि योग से गंभीर बीमारियों की रोकथाम की जा सकती है। महर्षि अरविंदो सुभारती कॉलेज एंड हॉस्पिटल ऑफ नेचुरोपैथी एंड यौगिक साइंसेज के डॉ. सिद्धार्थ आदि उपस्थित लोगों को योगाभ्यास कराया। इस दौरान डॉ. बबीता, समाजसेवी विरेंद्र कुमार, अंजू रानी आदि मौजूद रहे। ब्यूरो



सभारती के योग शिविर में मौजूद लोग। संवाद

# News Paper Clipping Service

# Hindustan

## Date- 23 JUN 2023, Page No.- 6

23 Jun 23 H 06

### प्रश्नपत्र बनाने की प्रक्रिया सीखी

मेरठ। सुभारती विधि संस्थान में विद्यार्थियों का शिक्षण अधिगम जांचने के लिए प्रश्न पत्र बनाने को वर्कशॉप हुई। 'प्रश्न पत्र की तैयारी, मूल्यांकन और परिणाम: ब्लूम टेक्सनॉमी का विहंगावलोकन' विषय पर हुई इस वर्कशॉप का शुभारंभ निदेशक राजेश चंद्र, डीन डॉ. वैभव गोयल भारतीय ने किया। प्रो. भारतीय ने कहा कि वर्तमान समय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का है।

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

## Date- 24 JUN 2023, Page No.- City Page 4

# सुभारती डेंटल कॉलेज में लगा रक्तदान शिविर

24/Jun/23 AU 04

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के सुभारती डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल के लोक दंत स्वास्थ्य विभाग ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया।

शुभारंभ सुभारती डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. निखिल श्रीवास्तव, सुभारती मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप भारती गुप्ता, डॉ. देवेंद्र स्वरूप ने संयुक्त रूप से किया।

डॉ. निखिल श्रीवास्तव ने बताया कि वैज्ञानिक डॉ. कार्ल लैंड स्टीनर के जन्मदिवसं को रक्तदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने ब्लड ग्रुप की खोज की। रक्तदान से जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान करने वालों को प्रमाणपत्र दिए गए। डॉ. विनिता निखिल, डॉ. विजय वधावन, डॉ. संचित प्रधान, डॉ. मंयक दास, डॉ. मोहनीष मुछाल. डॉ सुपूर्णा मौजूद रहे। ब्यूरो



सुभारती डेंटल कॉलेज में लगे शिविर में रक्तदान करते चिकित्सक। संवाद

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

### Date- 25 JUN 2023, Page No.- 6

25/Jun/23 H 06

## कलाकार नूरजहां को किया सम्मानित



मेरठ। मुंह में पेन दबाकर प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हूबहू चित्र उकेरने वाली कलाकार नूरजहाँ को सुभारती विवि ने सम्मानित किया। बदायूं जिले के विजय नंगला गांव निवासी महमूद की तीन बेटियों में सबसे छोटी बेटी नूरजहाँ को दुनिया उनके विशिष्ट हुनर के लिए जानती है। डॉ.शल्या राज, डॉ.विवेक कुमार सहित सभी शिक्षक एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

## Date- 25 JUN 2023, Page No.- City Page 5

# सीमित संसाधन में नूरजहां ने निखारी विलक्षण प्रतिभा

25 Jun 23 AU 05

### सुभारती विवि की कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने किया सम्मानित

मेरठ। मुंह में पेन दबा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जीवंत चित्र उकेरने वाली विलक्षण प्रतिभा की धनी नूरजहां को सुभारती विवि ने शनिवार को सम्मानित किया है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने कहा कि नूरजहां उनके लिए मिसाल है, जो साधनों की कमी का अफसोस करते हैं।

नूरजहां जिला बदायूं के गांव विजय नंगला निवासी महमूद की सबसे छोटी बेटी है, जो अपने विशिष्ट हुनर के लिए पहचानी जाती हैं। शनिवार को सुभारती विवि में नूरजहां, उनके पिता व बहनों का स्वागत सत्कार किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने नूरजहां को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार से सम्मानित किया।

सुभारती विवि नूरजहां एवं उनकी बहनों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हरसंभव सहायता करेगा। नूरजहां एवं उनकी बहनों को प्रस्ताव दिया कि वह उच्च शिक्षा के लिए सुभारती में प्रवेश ले सकती है। उनकी शिक्षा-दीक्षा, भोजन व आवास आदि का संपूर्ण खर्च विवि उठाएगा। नूरजहां ने कहा कि वह शिक्षा पूरी करने के बाद सुभारती फाइन आर्ट संस्थान में बच्चों को अपने हुनर से तराशने का कार्य कर सकती हैं। संयोजक संस्कृति विभाग के निदेशक डॉ. विवेक कुमार ने बताया कि कलाकार नूरजहां ने अनेक हैरतंगेज कारनामे कर कीर्तिमान स्थापित किए हैं। संवाद



नूरजहां को सम्मानित करतीं सुभारती विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज। संवाद

## सुभारती के विद्यार्थियों का पांच सितारा होटलों में चयन

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के भीकाजी कामा सुभारती कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों का चयन विभिन्न पांच सितारा होटलों में हुआ है। छात्रा डिंपल कुमारी सिंह का चयन बंगलुरु के शेरेटन ग्रैंड होटल तथा छात्र संदेश कुमार गौतम का हिल्टन गार्डन बंगलुरु में हुआ है। पार्थ त्यागी व शुभम कुशवाह का चयन अजमान दुबई के होटल क्राउन पैलेस में हुआ। सुभारती विवि के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने चयनितों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। ब्यूरो

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

### Date- 27 JUN 2023, Page No.- 8

## लॉ स्कूल रैंकिंग में मिला उच्च स्थान

27/Jun/23 H 08




मेरठ। नई दिल्ली स्थित द इम्पीरियल होटल में बीडब्लू बिजनेस वर्ल्ड द्वारा हुए कानूनी शिक्षा शिखर सम्मेलन में स्वामी विवेकानन्द सुभारती विवि के सरदार पटेल सुभारती लॉ कॉलेज को देश के शीर्ष लॉ कॉलेज की रैंकिंग में उच्च स्थान मिला है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.अदिश सी अग्रवाल, बीडब्लू बिजनेस वर्ल्ड के चैयरमेन डॉ.अनुराग बत्रा ने सुभारती लॉ कॉलेज के डीन डॉ.वैभव गोयल भारतीय को अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया। सुभारती लॉ कॉलेज ने देशभर के टॉप 100 लॉ संस्थानों की रैंकिंग में जगह बनाई है।

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

## Date- 27 JUN 2023, Page No.- City Page 5




सम्मान प्राप्त करते डीन डॉ. वैभव गोयल भारतीय।

### सुभारती को बीडब्ल्यू बिजनेस वर्ल्ड लॉ स्कूल रैंकिंग में मिला उच्च स्थान

27/Jun/23 AU 05 4

मेरठ। बीडब्ल्यू बिजनेस वर्ल्ड के कानूनी शिक्षा शिखर सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के सरदार पटेल सुभारती लॉ कॉलेज को देश के शीर्ष लॉ कॉलेज की रैंकिंग में उच्च स्थान मिला है। मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. आदिश सी. अग्रवाल, बीडब्ल्यू बिजनेस वर्ल्ड के चेयरमैन डॉ. अनुराग बत्रा ने कॉलेज के डीन डॉ. वैभव गोयल भारतीय को अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मान सुभारती विवि एवं लॉ कॉलेज के आदर्शों का सम्मान है। सुभारती विवि की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज नें कहा कि सुभारती विवि को मिले सम्मान से समाज को विधिक लाभ मिलेगा। डीन डॉ. वैभव गोयल भारतीय ने बताया कि बीडब्ल्यू बिजनेस द्वारा देशभर के टॉप लॉ कॉलेजों की रैंकिंग जारी की गई है। जिसमें सुभारती लॉ कॉलेज ने उच्च स्थान प्राप्त किया है। ब्यूरो

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 29 JUN 2023, Page No.- 6**

29/Jun/23 H 06

### होटल मैनेजमेंट के छात्रों का चयन



मेरठ। सुभारती कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों का चयन विभिन्न पांच सितारा होटल में हुआ है। सोनू कुमारी का रमादा बाय विन्धम वाराणसी, अंजलि कुमारी का अलॉफ्ट बंगलुरु और प्रवेश यादव का नोवोटल बंगलरु में चयन हुआ है। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज़ ने चयनित विद्यार्थियों को चयन पर शुभकामनाएं दी।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

### Date- 29 JUN 2023, Page No.- City Page 6

## सुभारती के विद्यार्थियों का चयन

29/Jun/23 AU 06



परवेश



सोनू कुमारी



अंजली कुमारी

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के भीकाजी कामा सुभारती कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों का चयन पांच सितारा होटल में हुआ है। छात्रा सोनू कुमारी का चयन रमादा बाय विन्धम वाराणसी व अंजलि का चयन अलॉफ्ट बंगलूरू में हुआ। इसके अलावा छात्र परवेश कुमार यादव का चयन नोवोटल बंगलूरू में हुआ है। सुभारती विवि के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने चयनितों को शुभकामनाएं दीं। विभागाध्यक्ष प्रो. शिवमोहन वर्मा ने बताया कि आने वाले समय में बड़े स्तर पर रोजगार का सृजन होगा। ब्यूरो